


नवभारत 03

इंदौर, बुधवार 23 जुलाई 2025


## एक नजर में

### करंट लगने से महिला की दर्दनाक मौत

**देवास।** देवास इटावा क्षेत्र के सिद्धार्थ नगर क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में 50 वर्षीय महिला कमला पति पर्वत सिंह सिसोदिया की करंट लगने से मौत हो गई। घटना सोमवार रात करीब 8 बजे की है, जब इलाके में पानी की सप्लाई शुरू हुई थी। कमला बाई ने घर की टिल्लू मोटर चालू की, उसी दौरान उन्हें तेज करंट लग गया। परिजन तुरंत उन्हें गंभीर अवस्था में विनायक अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के समय घर पर उनकी छोटी बहू मौजूद थी। मृतका अपने पीछे तीन पुत्रों का परिवार छोड़ गई है। अचानक हुई इस घटना से पूरे मोहल्ले में शोक की लहर है। परिजन सदमे में हैं और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

### पेंशन फोरम की बैठक हेतु कलेक्टर को दिया आवेदन

**देवास।** पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ के संस्थापक संरक्षक एम.एल. मालवीय देवड़ा, जिलाध्यक्ष देवीशंकर तिवारी ने पेंशन फोरम की बैठक हेतु जनसुनवाई में जिलाधीश को आवेदन दिया। जिसमें बताया गया कि जिले के पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिकों की अनंत समस्याओं के संबंध में कई बार अवगत कराया गया तथा पेंशन फोरम की बैठक बुलाने बाबद निवेदन भी किया गया है किंतु अभी तक कोई परिणाम नहीं निकला है जिससे पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिकों में निराशा व्याप्त है। संघ ने अतिशीघ्र पेंशन फोरम की बैठक आहूत करने की मांग की है।

### कन्या महाविद्यालय में आवश्य बैठक संपन्न



**देवास।** महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्रीमती मनोरमा सौलंकी, विधायक प्रतिनिधि विशाल शिंदे, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जी.डी सोनी के मार्गदर्शन में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाविद्यालय में सत्र 2025-26 में क्रियान्वीत किये जाने वाले कार्यों की रूप रेखा बनी एवं उन पर सर्व सम्मति से उचित निर्णय लिये गये तथा छात्राओं के हित में किये जाने कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में जनभागीदारी समिति प्रभारी डॉ.अनीता भाना, सदस्य डॉ.वर्षा जायसवाल मनीष दुबे, नरेन्द्र कुमार गुप्ता, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो.चारुशीला भौसले,डॉ.उज्वला बाबर ,डॉ.शर्मिला काटे ,डॉ.लोकेश जारवाल, राजीव कुमार साहू, प्रो.प्रीति तगाया, प्रो.दिपनवीता गांगुली, डॉ.राहुल कौशल, प्रो.अंजली वर्मा आदि उपस्थित थे।

### सर्व ब्राह्मण महासभा करेगा प्रतिभाओं का सम्मान



**देवास।** सर्व ब्राह्मण महासभा संघ के पदाधिकारियों कार्यकारिणी सदस्य एवं अन्य उपस्थित सदस्यों की बैठक होटल लगन पेलेस में जिला अध्यक्ष पंडित प्रशांत शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अध्यक्ष शर्मा द्वारा सभी का शब्दों से स्वागत कर परिचय कराया गया। आज के प्रमुख ऐजेण्डा समाज के प्रत्येक क्षेत्र में विशिष्ट स्थान बनाने वाली प्रतिभाओं का सम्मान समाज के द्वारा किया जाय इस विषय पर उपस्थित सभी सम्माननीय साथियों से विचार रखने का कहा गया। सर्व प्रथम समाज के जिला संयोजक अरविन्द शर्मा, देवकीनंदन समाधिया, धर्मेंद्र मिश्रा, विक्रम शर्मा, पी एन तिवारी, रमेशचंद्र जोशी, सुरेंद्र दुबे,बी एल शर्मा,आदि ने अपने विचार रखे और उक्त प्रस्ताव का समर्थन करते हुए तन मन और धन से सहयोग की बात कही। जिला संयोजक अरविन्द शर्मा ने अपने पिता स्वर्गीय रामेश्वर की स्मृति में एक पुरस्कार दिए जाने का कहा इस अवसर पर त्रिभुवन कालेज के डायरेक्टर ब्राह्मण गोरव त्रिभुवन शर्मा को सर्वसम्मति से संरक्षक मंडल में सम्मिलित किया गया, साथ ही यशवंत तिवारी को यातायात समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया जाने पर बधाई देते हुए सम्मान किया गया। पश्चात ब्राह्मण महासभा संघ जिला अध्यक्ष पंडित प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में एक बड़ा प्रतिनिधि मंडल देवास विधायक गायत्री राजे पवार से मिला और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया साथ ही समाज की समस्या से अवगत कराते हुए संगठन में ब्राह्मण समाज को दिये गये स्थान के लिए धन्यवाद दिया व मांग की कि सभी प्रकोष्ठ में समाज को उचित स्थान दिया जाय। इस अवसर पर रामकुमार व्यास, हर्ष शास्त्री, मनोज व्यास,दीपक जोशी, राजेश कुमार व्यास, अखिलेश क्षोत्रिय, राजेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र दुबे,अजय व्यास, प्रभुलाल शर्मा, राजेंद्र जोशी, राजेंद्र पारिख, राकेश त्रिपाठी, मुकेश चौरे, सुदामा शर्मा,मनीष तिवारी, पंकज प्रधान,कैलाश शर्मा,अवनिश मिश्रा, लोकेन्द्र शुक्ल,मयंक शुक्ल, नवीन जोशी, सुमित मिश्रा, शशिकांत मिश्रा, लोकेन्द्र जोशी,अशोक चोधरी, नम्रता जोशी, विकास शर्मा, संदीप जोशी,दिनेश शर्मा, राधेश्याम उदेनिया, पंकज सहारिया, रश्मी प्रधान,सोनल शर्मा आदि सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव देवकीनंदन समाधिया ने किया एवं आभार प्रदर्शन अरविन्द शर्मा ने माना। अन्त में जल पान के पश्चात बैठक का समापन हुआ।

### डायरिया सह दस्तक अभियान की शुरुआत



**बागली।** ब्लाक मेडिकल आफिसर डाक्टर हेमन्त पटेल ने बच्चो को विटामिन ए की खुराक पिला कर दस्तक अभियान की शुरुआत की। इस दौरान डाक्टर पटेल ने ब्लाक की समस्त दस्तक टिम से अपील करते हुए कहा कि यह अभियान हमारे लिए सिर्फ एक गतिविधि नहीं, बल्कि हर बच्चे तक जीवन, पोषण और सुरक्षा पहुँचाने का संकल्प है। अब समय है कि हम जोश, टीम भावना और करुणा के साथ हर घर तक दस्तक दें ताकि कोई भी बच्चा इन बीमारीयों से न जूझे और हर माँ को भरोसा हो कि स्वास्थ्य विभाग की टीम उनके साथ है। आपका हर कदम, एक स्वस्थ भविष्य की ओर एक बड़ा परिवर्तन है। जहां जहां दस्तक टीम पहुँचती है वहाँ स्वास्थ्य होने की गारंटी आम जनता को रहती है। इसी संकल्प को लेकर पूरे जोश से इस मिशन को सफल बनाते है साथ उन्होंने बताया की दस्तक अभियान के दौरान, नामित टीमें अपने-अपने समुदायों में प्रत्येक घर का दौरा करती हैं। तथा पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की पोषण स्थिति, निमोनिया के लक्षण, दस्त रोग, ओआरएस की पूर्व स्थिति, आई एफ ए सिरप प्रदान करना, आयु-उपयुक्त विटामिन ए देना, विकास में देरी की पहचान करना, आदि का आकलन करती है। इस अवसर पर बि ई ई राधेश्याम चौहान , सुपरवायजर नन्दकिशोर मोहवाल, बालमुकुंद नागर अनिल ठाकरे यतीन्द्र बैरागी,आशीष मांझी, ललिता चौहान,मानसी गुप्ता, मेरुसिंह वास्केल, सुनील जगताप एल एव वी चित्रा कौशल , ए एन एम प्रेम वास्केल, रेखा नागर, उपस्थित रहे ।

## बावई हायर सेकेंडरी स्कूल में तीन ही कक्ष, टीन शेड में लग रही कक्षाएं





**कम्प्यूटर लैब व प्रयोग शाला की सुविधा मिल ही नहीं रही**

**सोनकच्छ।** जहां एक ओर शासन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है, लेकिन जिले के बावई में विद्यार्थी टीन शेड में पढ़ने को मजबूर हो रहे है। मामला सोनकच्छ के ग्राम बावई के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 10 कक्षाए संचालित होती है। लेकिन कमरों की संख्या ऑफिस सहित मात्र चार है। मजबूरन विद्यार्थियों को टीन शेड में पढ़ना पड़ता है। बारिश के दिनों में समस्या और बढ़ जाती है। कक्षा 9 वीं से 12वीं तक की अलग अलग विषयों की कक्षा संचालित होती है। जिसमे मात्र कुछ कक्षाएं ही कक्ष में लग पाती है। ग्राम बावई में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को पढ़ने के लिए समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां एक ही रूम में प्राचार्य ऑफिस व स्टाफ रूम पार्टिशन में लग रहा है। जिसके कारण शिक्षकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कम्प्यूटर शाला में मौजूद है। लेकिन वे आज तक चल नहीं पाएं है जिसके कारण विद्यार्थी आधुनिक शिक्षा से वंचित है। प्रयोगशाला की भी समस्या उसका भी ज्ञान प्राप्त कर पा रहे है।

### शासन अच्छी व्यवस्था दें

11 वीं कक्षा की रवीना यादव व गिरजा यादव ने बताया कि, 3 कमरे है। बच्चों की संख्या अधिक होने के कारण कई कक्षाएं एक साथ लगाई जाती है। पानी आ जाने के कारण पढ़ाई करने में समस्या का सामना करना पड़ता है। टीचर को भी पढ़ाने में समस्या आती है। हम शासन- प्रशासन से मांग करते है कि, यहां अच्छे रूम बनाएं जाएं व अच्छी शिक्षा व्यवस्था दें। राजपाल परमार व श्रीकांत यादव ने बताया कि, कम्प्यूटर हमारी शाला में है लेकिन आज तक उसे हमने चलाया नहीं है। उसकी शिक्षा से वंचित है। सबको समस्या बता दी लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही।

### इनका कहना है

शाला में कक्ष के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को समय समय सूचना दी है। जो भी कार्रवाई होना है। वो वहीं से होगी।

**इस्माइल मंसूरी**
**प्राचार्य शाउमावि बावई**

आठ कक्षों की स्वीकृति के लिए शिक्षा मंत्री को पत्र दिया था। जिसमें से 5 कक्ष स्वीकृत हो चुके है। बुधवार को कलेक्टर से मुलाकात करूंगा।

**राजेश सोनकर**
**विधायक, सोनकच्छ**

### शाला में 214 विद्यार्थी, एडमिशन चल रहे है

इस स्कूल में वर्तमान में 214 विद्यार्थी अभी अध्ययनरत है और अभी एडमिशन चालू है। ऐसे में और विद्यार्थी कक्षा में प्रवेश लेते है तो बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी। यहां जब टीन शेड में कक्षा संचालित होती है तो एक दूसरे शिक्षक की आवाज आपस में मिलने के कारण पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होता है। शाला में बॉउंड्रीवाल नहीं होने से स्कूल बंद होने के बाद असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है।

### 11 गांव के से आते है पढ़ने

2013 में उक्त भवन बनकर तैयार हुआ था, जिसमे उस दौरान मात्र चार कक्षाएं संचालित होती थी। 2014-15 में यह आंकड़ा बढ़कर 10 कक्षाओं पर पहुँच गया। इस स्कूल में बावई, डकाच्या, पोलाय, नौसराबाद, बोरखेड़ा,जगदीशपुर, पिपलिया, मिरपुरखेड़ी, अभेपुर, ओढ़नी, ओड़ 11 गांवो के विद्यार्थी अध्ययन करने के लिए आते है।

## एलआईसी एजेंट के घर लूट करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार




**जेवर और मोबाइल बरामद बैंक मैनेजर व सर्राफा कारोबारी भी शामिल**

**देवास।** एलआईसी एजेंट के घर हुई लूट का पुलिस ने 11 दिन में खुलासा कर दिया है। वारदात 11 जुलाई को दोपहर 2 से 3 बजे के बीच शिखरजी धाम कॉलोनी में हुई थी। पुलिस ने इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और लूटे गए जेवर व मोबाइल बरामद कर लिए हैं। शिखरजी धाम निवासी हर्षराज सिंह चौहान के घर तीन युवक पहुंचे थे। इनमें से दो ने पॉलिसी लेने और पानी पीने का बहाना बनाया। मौका मिलते ही उन्होंने चाकू और एयरगन दिखाकर घर में घुसकर अलमारी से दो सोने के कंगन और मोबाइल लूट लिया और बाइक से भाग निकले। एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देश पर पुलिस टीम ने 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच में सबसे पहले नवीन सोनी को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने इमरान शाह और नितेश योगी के साथ मिलकर लूट की योजना बनाना स्वीकार किया।

### बैंक मैनेजर और सर्राफा व्यापारी भी आरोपी

इमरान शाह ने लूट में इस्तेमाल हुई चाकू और एयरगन की व्यवस्था की थी। लूटे गए दो मंगलसूत्र आयआयएफएल गोल्ड लोन में गिरवी रखे गए थे। पुलिस ने इस मामले में आयआयएफएल के बैंक मैनेजर शिवम खत्री को भी गिरफ्तार किया है। इसके अलावा एक सोने की चेन और कान के टॉप्स इंदौर के सर्राफा बाजार में बेचे गए थे, जिसके लिए शम्मी सोनी नामक व्यापारी को भी हिरासत में लिया गया है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। आरोपियों के नेटवर्क और लूट से जुड़ी अन्य कड़ियों की भी जांच की जा रही है।

## सिविल अस्पताल दस्तक अभियान का शुभारंभ

**कन्नौद।** सिविल अस्पताल कन्नौद में दस्तक अभियान का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष जाट,उपाध्यक्ष संदीप धूत द्वारा गणेशजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित व मंत्रों उपचार कर किया गया। बीएमओ डॉक्टर लोकेश मीणा ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार 0 से 5 वर्ष के बच्चों में होने वाली बीमारियों और बाल मृत्यु दर को कम करने के लिए दिनांक 22 जुलाई से 16 सितंबर तक दस्तक अभियान का प्रथम चरण चलेगा। दस्तक दल जिसमें एएनएम आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रत्येक गांव में निर्धारित दिवस में घर-घर जाकर स्वास्थ्य की दस्तक देंगे। इस दौरान दल के द्वारा कुपोषण, एनीमिया, डायरिया, निमोनिया, जन्मजात विकृति की जांच और अन्य मौसमी बीमारियों से पीड़ित बच्चों की जांच की जाएगी ,दल के द्वारा घर पर प्रत्येक बच्चे को दो दो ओआरएस के पैकेट तथा 14 जिंक की गोली का वितरण किया जाएगा। बच्चों की खून की जांच की कर 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई जाएगी। गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों को रेफर किया जाएगा और शेष बच्चों का समुदाय स्तर पर इलाज एवं प्रबंध किया जावेगा। जांच के दौरान यदि गंभीर कुपोषित बच्चे मिलते हैं तो उनको एनआरसी में भरती कर उनका कुपोषण दूर किया जाएगा ,कमजोर बच्चों को कुपोषण दूर करने के लिए आहार संबंधी तथा माता को स्तनपान के संबंध में सलाह दी जावेगी और आयरन सिरप दिया जावेगा ।इस अवसर पर प्रभारी महिला बाल विकास अधिकारी सपना शुक्ला, मंडल अध्यक्ष अनोखी चौहान, मंडल महामंत्री गोविंद धुत , भाजपा नगर अध्यक्ष राजू वर्मा, पार्षद गोलू मालवीय एव सिविल अस्पताल कन्नौद के बी ई ई दिनेश साहू ,बीपीएम प्रदीप पवार ,बीसीएम विनोद भंवर ,शोभा कुकडे, ज्योति खोड़े, हरीश शर्मा, योगेंद्र शर्मा, रवि डोडवाल उपस्थित थे।

## सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर संयुक्त मोर्चा ने आयुक्त के नाम दिया ज्ञापन

**न मांगे पूरी हुई न वेतन मिला**



**देवास।** संयुक्त मोर्चा द्वारा नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा के नाम उपायुक्त जाकीर जाफरी को ज्ञापन सौंपा गया। संयुक्त मोर्चा द्वारा सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर विगत 15 दिनों से निगम आयुक्त से मिलने के लिये समय मांगा जा रहा था लेकिन आयुक्त आज दिनांक तक कर्मचारियों की मांगों के लिये समय नहीं दे पाए। आयुक्त के समय न देने के कारण समस्त कर्मचारियों के साथ निगम प्रांगण में नारेबाजी करते हुए संगठन के समस्त पदाधिकारी व कर्मचारी एकत्रित हुए। हंगामा देखकर उच्च अधिकारियों द्वारा ज्ञापन लेने के लिये उपायुक्त जाफरी को भेजा गया। अधिकारी के आते ही समस्त कर्मचारी रोष में आ गए तथा वेतन की मांग करने लगे। संयुक्त मोर्चा के विशेष सहयोगी अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रूपेश कल्याणे ने बताया कि वे सफाई कर्मचारी जो अपनी दिन रात की मेहनत से देवास निगम को भारत में स्वच्छता के अंदर प्रथम स्थान दिलाते हैं एवं फाइव स्टार रेटिंग निगम प्राप्त करता है और वर्तमान में सफाई कर्मचारी दयनीय स्थिति में अपना जीवन यापन कर रहे हैं। न तो कोई अधिकारी न ही कोई नेता इनकी मांगों की ओर ध्यान दे रहा है और ना मिलने के लिये इन्हें समय दिया जा रहा है। इस कारण समस्त संगठनों ने संयुक्त मोर्चा बनाकर मांगों का पंद्रह दिवस के अंदर निराकरण करने को कहा। निराकरण नहीं होने की स्थिति में चरणबद्ध आंदोलन एवं सफाई कार्यबंद हड़ताल की जाएगी। ज्ञापन में मांग की गई कि वर्ष 2007 से 2016 तक के समस्त कर्मचारियो को विनियमितीकरण का लाभ दिया जाये। शासन के आदेश अनुसार निगम उक्त कर्मचारियो को नियमित कर सकती है। म.प्र. शासन द्वारा केन्द्र के समान महगाई भत्ता बड़ाया गया है। शासन द्वारा 1 जनवरी 2025 से 6 प्रतिशत वृद्धि की अत: कर्मचारियो को वेतनमान लगया जाये एवं एरियर देने के आदेश प्रदान किये जावे। समस्त कर्मचारियो को डिफरेन्स की राशी देने के आदेश प्रदान करे। पूर्व में विनियमितीकरण से वंचित 32 कर्मचारियों को विनियमितीकरण का लाभ दिया जावे। देवास नगर निगम में स्थाई रिक्त पद है उन्हें तत्काल वरिष्ठता सूची के आधार पर स्थाई का लाभ दिया जाये। जो कर्मचारी सेवा निवृत्त हो गये है उन्हे जमा राशि का एक मुस्त भुगतान किया जाये। समस्त दरोगाओं को पूर्व में ड्रेस कोड दिया जाता रहा है। वर्तमान में भी समस्त दरोगाओ को रेमंड कम्पनी के पेंट व शर्ट दिया जाये। देवास शहर की आबादी को देखते हुए 250 कर्मचारियों की नियुक्ती की जाये। विनियमीत कर्मचारियों को अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ दिया जाये। वर्षा ऋतु को देखते हुए समस्त सफाई कर्मचारियों को रेनकोट वितरित किया जाये। इस अवसर पर अ.भा.सफाई मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजू पहलवान सांगते, उपाध्यक्ष अनिल पहलवान खरे, महामंत्री विजय सांगते, शहर अध्यक्ष राजेश गोसर, राज्य सफाई कर्मचारी मोर्चा के संरक्षक लालचंद डागर, जिलाध्यक्ष पारस कलोसिया, शहर अध्यक्ष, राकेश बंजारे, म.प्र. सफाई कर्मचारी महासंघ के शहर अध्यक्ष संजय सांगते काका, मांगीलाल फतरोड़, जितेन्द्र भरोसिया, बसंत कल्याणे, जितेन्द्र डुमाने, उपस्थित रहे।

## मालवांचल की सबसे बड़ी बोल बम कावड़ यात्रा धाराजी घाट से प्रारंभ



**उदयनगर।** मालवांचल की सबसे बड़ी बोल बम कावड़ यात्रा मंगलवार को बोल बम नर्मदे हर के जयकारे के साथ नर्मदा मैया के धाराजी घाट से प्रारंभ हुई यात्रा की शुरुवात में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, क्षेत्रीय विधायक मुरली भंवरा, हॉटपिपलिया क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि बलराम चौधरी, उद्योगपति नटवर बियानी, प्रवीण जी जैन, शैलेन्द्र अग्रवाल गोविंद जी यादव ,खातेगांव नगर अध्यक्ष सारिका नरेंद्र चौधरी, राजेश यादव, देवनारायण बोर्ड राज्य मंत्री अध्यक्ष रघुवीर सिंह गुर्जर, मुकेश गुप्ता, एवं क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु भक्त आरती पूजन में सम्मिलित हुए एवं कावड़ यात्रियों को आशीर्वचन देकर धाराजी घाट से विदाई दी, विधायक मुरली भंवरा ने शीघ्र ही धाराजी से पीपरी तक का मार्ग पक्का बनवाने का आश्वासन दिया, सभी ने तालिया की गड़गड़ाहट से हर्ष प्रकट किया, धाराजी से चलने पर रास्ते में ग्राम टप्पा के कावड़ यात्री भक्तों ने फरियाली खिचड़ी की व्यवस्था की साथ ही कुछ भक्तों ने चाय एवं फरियाली मिक्चर की व्यवस्था की ,सीता माता मंदिरजलपान की व्यवस्था पुष्पेंद्र कुशवाह के द्वारा की शुक्रवासा के लक्ष्मीनारायण पटेल द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी धाराजी में फरीयाली मिक्चर की व्यवस्था की , पीपरी में गरम-गरम चाय पिलाई गई पीपरी नगर आगमन पर लोगों ने कावड़ यात्रियों का फूल बरसाकर गुलाल उड़ाकर स्वागत सत्कार किया रात्रि विश्रा नर्मदा मंदिर परिसर सनातन विचार मंच एवं अन्य जगह रहा मंदिर पर मैया की आरती भोजन प्रसादी की व्यवस्था प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी गुप्ता परिवार द्वारा की गई। धाराजी घाट पर कावड़ यात्रा संयोजक गिरधर गुप्ता, दीपक पंडित, एवं प्रदीप मेहता का सम्मान जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव,विधायक मुरली भंवरा, एवं नटवर बियानी ,प्रवीण जैन ने किया, एवं यात्रा को हरि झंडी दी कल,बुधवार प्रात: पूजन अर्चन कर यात्रा पूंजापुरा के लिए प्रस्थान करेगी, गांव पीपरी समाज वर्ग कावड़ यात्रा की अगवानी की।

## भूमि अधिग्रहण को लेकर भाकियु सुर्यवंशी ने दिया ज्ञापन

**देवास।** अपने किसान भाईयो की जमीन के बाजार मुल्य के बराबर मुआवजे के लिये सरकार को हस्ताक्षर अभियान के साथ किसान संगठन द्वारा मुख्यमंत्री मोहन यादव, कृषि मंत्री शिवराज चौहान, परिवहन मंत्री नितीन गड़करी के नाम इंदौर कलेक्टर को सौपा गया। ज्ञापन में किसानो की जमीन अधिग्रहण को लेकर 6 सुत्रीय माँग की गई। इंदौर को महानगर बनाये जाने की योजना को लेकर देवास की भुमि का अधिग्रहण भी इंदौर के विकास के लिये किया जा रहा है। यह भुमि अधिग्रहण औघोगिक विकास की ओर किया जा रहा है जिससे देवास एवं इंदौर के किसान भुमिहीन हो रहे है साथ ही साथ महानगर की मँहगाई बेरोजगारी का सामना भी निकट भविष्य मे क्षेत्रीय किसानो को करना ही होगा। ऐसी स्थिति मे महानगरीय क्षेत्र के मुआवजे की माँग सरकार के समक्ष रखना ही हमारे क्षेत्र के किसान भाईयो का अधिकार है। भारतीय किसान यूनियन सूर्यवंशी की मध्य प्रदेश की टीम कालीचरण महाराज के आशिर्वाद एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज सैनी के निर्देशन में प्रदेश अध्यक्ष सपना भरोसिया , इंदौर जिला अध्यक्ष रेनू कोतवाल , देवास जिला अध्यक्ष चेतन जैन , जिला अध्यक्ष (म) राजकुवँर चौहान सोनकच्छ, उपाध्यक्ष विजय चौधरी नगौरा, शहर अध्यक्ष एवं जिला कोषाध्यक्ष उज्ज्वल व्यास, सह अध्यक्ष संगीता लोधी, माधुरी जाधव ,लक्ष्मी नामदेव जिला कोषाध्यक्ष इन्दौर, ममता बंसल वार्ड अध्यक्ष इन्दौर, तहसील अध्यक्ष वंदना भरोसिया एवं किसान उपस्थित रहे।

## प्रमुख पेंशनर्स ऐसोसिएशन ने दिया ज्ञापन

**देवास।** अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ नई दिल्ली एवं प्रांतीय निकाय प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के संयुक्त आव्हान पर प्रमुख पेंशनर्स ऐसोसिएशन देवास व्दारा 22 जुलाई को प्रदीप खरे जिलाध्यक्ष, हेमेन्द्र निगम (काकू), व ओमनारायण मिश्रा संरक्षक,राजेन्द्र देशमुख जिला संयोजक, कमलेश मार्कण्डेय कोषाध्यक्ष, व दीपकसिंह कुशवाह जिला सचिव की अगुवाई में महामहिम राज्यपाल को कलेक्टर जिला देवास के माध्यम से प्रमुख पेंशनर्स ऐसोसिएशन जिला शाखा देवास द्वारा मध्यप्रदेश छत्तीसगढ राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 परिशिष्ट 6 के जिस आधार पर दोनो राज्यों की सरकारें परस्पर सहमति लेती हैं, उसको समाप्त या विलोपित करने, एक जनवरी, 2025 से दो प्रतिशत मंहगाई राहत तत्काल स्वीकृत एवं इसके पूर्व का 32 व 27 माह का मंहगाई एरियर्स के भुगतान हेतु कलेक्टर देवास के अधिकृत प्रिया चन्द्रावत डिप्टी कलेक्टर देवास को ज्ञापन सौंपा गया। जिसका वाचन प्रदीप खरे, जिलाध्यक्ष व्दारा किया गया। इस अवसर पर संगठन के सदस्यगण राघवेन्द्रप्रसाद तिवारी, नरेन्द्र सिंह ठाकुर, भागीरथ सिंह मालवीय, के.एन.शर्मा, किशनकुमार कुरील, पुण्डरीक प्रसाद तिवारी, शिवनारायण पंवार, रमेशचन्द्र तिवारी, सत्यनारायण नामदेव, हरिशंकर उपाध्याय, तुलसीराम कहार, संभाजीराव, ताराचंद गंगराडे आदि उपस्थित रहे।उक्त जानकारी प्रमुख पेंशनर्स ऐसोसिएशन देवास के जिला सचिव दीपकसिंह कुशवाह ने दी।

**एक नजर** बागली विधायक मुरली भंवरा और सरपंच सीमा जाटवा ने किया लोकार्पण

## टापरी में पढ़ने वाले आंगनवाड़ी के बच्चे अब नए आंगनबाड़ी भवन में पढ़ेंगे और खेलेंगे



**बागली।** सेवन्या ग्राम पंचायत में रविवार को नए आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण बागली विधायक मुरली भंवरा ने करते हुए ग्रामीणों को नए भवन की सौगात की बधाई दी उक्त पंचायत की सरपंच सीमा राम प्रसाद जाटवा ने बताया कि विगत कई वर्षों से कच्ची घास फूस की टापरी में आंगनबाड़ी संचालित हो रही थी। विगत के जनप्रतिनिधियों ने इस संबंध में कभी कोई प्रयास नहीं किया लेकिन उन्होंने छोटे-छोटे बच्चों की इस दुविधा को ध्यान में रखते हुए बागली विधायक मुरली भंवरा से नवीन आंगनवाडी भवन के लिए चर्चा की विधायक मुरली भंवरा ने भी बच्चों के आरंभिक शिक्षा के दुविधा वाले मामले में देरी नहीं करते हुए शासन के मापदंड अनुसार 9.50हजार रु की राशी आंगनबाड़ी भवन के लिए स्वीकृत करवाये परिणाम यह रहा कि इतनी राशि में सरपंच द्वारा ईमानदारी से निर्माण करवाते हुए काली कोठी राजगढ़ में आकर्षक एवं सुंदर भवन बनकर तैयार कर दीया जिसका लोकार्पण रविवार को बागली विधायक मुरली भंवरा और सरपंच सीमा रामप्रसाद जाटवा की गौरव में उपस्थिति में विधि विधान से किया गया । छोटे बच्चों के अभीभावको ने भी इस भवन के लोकार्पण में खुशी जाहिर की। ग्राम पंचायत गुवाडी में भी स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि गोविंद महाराज की उपस्थिति में आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण किया गया। बागली विधायक मुरली ने आम जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि वह खुद पूर्व में शिक्षक रह चुके हैं ।शिक्षा का महत्व वह भली-भांति समझते हैं यदि बच्चों की शुरुआती शिक्षा बेहतर रहेगी तो वह आगे भी अच्छी पढ़ाई की और अग्रसर रहेंगे और आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा का मूल स्थान रहता है। भवन का निर्माण हो गया है। अब दायित्व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकावो का और भी बढ़ जाता है वह अधिक से अधिक बच्चों को इन केंद्रों में शामिल करके प्रारंभिक शिक्षा बेहतर रूप से देने का प्रयास करें।